And, in some States, these people are taking shelter. They hit here and run there. There is no coordination between the two State Governments. That is why this problem is coming. Now, a Minister, a Cabinet Minister--a tribal-- is killed in Madhya Pradesh. In Andhra Pradesh, among the victims, there are tribals, there are Scheduled Caste people, there are women, there are children. They have set fire to a train, the Kakatiya Express, which resulted in the killing of 48 innocent passengers. I do not go into the categorisation of the passengers. Most of them were, unfortunately, minorities in that train. They were killed for no fault of theirs. They were all burnt to death. After so much time, they issued a statement saying, "We regret what we have done". The other day, they have set fire to a family where there was a child. The woman was crying, "My child is only six months old. Please allow me to take some blankets." They did not allow her. It was cold. Finally, that child also lost its life. Mindless violence! Unfortunately, some political parties in my State adopt different stands at different times. When they are in power, they take one line; when they go to the opposition, they take a different line. And the broad policy of governments there is, "Condolence for the dead and compensation for the surviving victims". Can it be a policy? The different political parties and we, the people's representatives, have to take a view on this issue. It is a big challenge to our democratic system. It is a challenge to our parliamentary democracy. We do not believe in killing people. 'Bumping off' is no solution. It cannot be. But the fact of the matter is that those people take to arms! They move openly! They collect money forcefully! And they target people and kill them! They do not want any other political activity, function, in the respective areas, zones, of their influence. That is the basic issue. Sometimes, the BJP becomes the target; sometimes, the CPM becomes the target. They have killed so many people. A Member from the other House, the Lok Sabha, Mr. Subbarami Reddy, was done to death. Only two months back--the latest--one of the MLAs, who was a candidate in the

Sirpur Kagaznagar--Mr. Purushottama Rao, was killed, for no fault of his. Even the house of one of our Members here in this House, Mr. Ramachandra Reddy--I hope he is here--was blasted. Nobody is in a position to come out openly. Everybody expresses condolence. Nobody is willing to make condemnation. I am not talking of any particular party or particular individuals. Because of the psychological fear they are creating in the minds of people there, they continue this without any stop. Railway stations, police stations, Mandal Praja Parishad offices, banks, rural banks, particularly, railway signalling equipment and political personalities' houses--they are all their targets. Nobody is in a position to give protection to them because they adopt the 'hit and run' policy. They create a fear psychosis. They have sophisticated weapons, more sophisticated than those of the regular police! There is fear in the mind of the police also because political leadership cannot go to their rescue. After all, the policeman is there for a salary. It is not because of any ideological commitment. He is there for his livelihood. Sometimes, people find fault with them also. DIGs, IGs, Superintendents of Police, different political parties' leaders, other leaders of Telugu Desam and Congress--Duggirala Venkatrao; Hayagrivacharya, freedom fighter from the Congress Party, who was a former Minister; I can give a number of names--people are bing killed without any meaning.

I have my differences with the Communist Party. But the Communist Party, my understanding is, want to fight for a particular cause in a particular method, in a particular way. They are trying to, they want to, come to power. Fine, no problem. The BJP has got a different ideology, a different philosophy. We do not agree with each other. But we respect each other because we are working for the betterment of the people in a particular fashion which is to our liking or commitment. But, unfortunately, these people have taken a wrong course and they are purusing it mindlessly without any result. With the result, what do I find? I became an MLA in 1978. In the initial days, when there was some encounter, when there was some attack on extremists, I myself and other Members used to raise it in the House and condemn the police left and right. "Why are you doing it? Why are you affecting the civil liberties of the people?". But, unfortunately, now they have come to a stage where they are killing everybody. Whenever an extremist is killed, some people shout saying, "Why is there an attack on civil liberties?". But, when civilians, innocent people, are killed, no voice is raised. I do not know what sort of civil liberties movement it is. I am not able to understand.

We--the BJP, the CPM, the Congress and other parties--have organised joint meetings also.

But what I suggest through this august House is that a strong public opinion has to be created against this very philosophy itself. If they have confidence in their ideology and philosophy, they must also come to the public, they must also go around the people, they must educate the people and they must win over the hearts of the people. They can come to power and they can rule the country also. After all, we have seen mighty empires and great leaders in this country. They were defeated in the battle. This democracy is still vibrant and capable of electing and dethroning different regimes. But unfortunately, these people do not believe in this philosophy. They are sacrificing thousands of youngsters in this mindless philosophy, many boys from the universities, from the colleges, without understanding the implications and an indepth philosophy of this organisation, are drawn to this organisation. They are also laying their precious lives; genius guys, youngsters, engineers, medical students, are joining the movement without realising the fact that there is no way for them to come out of this movement, because the moment they come out of the movement, they are also becoming targets, and then they are being done away with by these organisations. So, this is the basic issue. It is a political philosophy, it is a political ideology which cannot be acceptable to a democratic society. So, all political parties should come together to fight these organisations politically, to corner these people, and then expose their designs. My hon. friend, Dr. Radhakrishna Murty, has said that now the movement has gone into the hands of lumpen elements, I agree to disagree. When I was in jail during emergency, some of the extremists were also arrested at that time because of emergency. We were discussing these things inside the jail, and then we used to say that though their philosophy is very good, the line of approach is wrong. That used to be our thinking. But today you find these people indulging in looting, arson, setting the houses on fire, killing people inside their houses, without any reason, and setting on fire the trains. How can any philosophy, any ideology allow such actions on the part of any organisations? And then they issue statements justifying their actions. Sometimes, they say that since so and so was the enemy of the people, that is why they have done away with him. That means they are sitting as prosecutors, and they are the hanging authorities. This is what is happening, not only in Andhra Pradesh, but also in parts of Karnataka, parts of Maharashtra, parts of Madhya Pradesh and parts of

Orissa. At the same time, I am not asking the Government to keep quiet on the social front, on the developmental front. The developmental activities have to take placed irrespective of whether there is extremist problem or not. Some of my friends have told me that this problem has gone out of West Bengal, thanks to whatever the Government of West Bengal has done in this respect. But, at the same time, that may be on account of the political line or the approach of the State Government there. But Orissa is much more backward and poor. Nothing is happening there. In Andhra Pradesh, the areas which are prosperous, which are having three crops per year, even those areas are affected by the extremist violence or the extremist menace. So, I do not agree with the view that this problem is on account of social backwardness or exploitation. After all, all of us, who are sitting here, are the leaders of different political parties. We also believe in fighting exploitation, we believe in fighting corruption, we believe in fighting inequalities in our own way, though we may have differences of opinion, we are committed to them. It is not the monopoly of these people alone. So, getting credibility by doing such things and then giving it a philosophical or ideological colour, is not a correct thing. I suggest to the Home Ministry one thing. The Government has taken an initiative. The hon. Home Minister visited Hyderabad, had a meeting of the five States concerned. But this should be a continuous activity. There has to be a continuous monitoring. Mere supply of firearms or giving some more money alone is not sufficient. This, according to me, is secondary. It is a political fight; so, political parties also should be involved. The Government of India should really take up such issues even in the Chief Ministers conference. I go to the extent of saying that the Government of India, the Home Ministry, should take an initiative even to have a dialogue with different political parties so that we all speak with one voice with regard to the issue of violence, with regard to the issue of killing of people and their annihilation, and then the belief that power comes through the barrel of the gun. All these aspects have to be tackled by all political parties. Till such time we speak with one voice, this will continue, and as I said earlier, we will continue paying condolences for the dead, and compensation for those who survived. I have been seeing it from 1980 onwards, every time, someone dies, someone is killed, there is a mourning, everybody rushes to that place, then afterwards, nothing is being done, nothing is being heard also. That being the case, I request the Home Ministry not only to have a regular interaction with the States and then forcibly

implement the mechanism that they have evolved but also create public opinion, because basically, law and order is a State subject and it is the State Government which practically deals with the situation.

Whatever help they need, that has to be given by the Central Government. But, at the same time, a political will is required; a political commitment is required. This political philosophy has to be fought politically. For that the Government of India should take steps. Is it willing to do it? It should call a meeting of all these people and create enough public opinion. We have a disturbing information that these people have connections with the LTTE; that they have connections with other extremist organisations and that some help is coming from abroad. People say that there is ISI connection also. All this is disturbing. If it is only a social factor, then, there is no need to have any LTTE connection; there is no need to have any connection with the ISI, and there is no need for any international connection for this purpose. That being so, the Government has to be very vigilant . At the end, I would suggest that the Home Ministry of the Government of India should come with a White Paper, giving details of the number of victims at various levels, including.... *(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Now, it is already 1 o' clock and eight more Members have given their names to speak. Should we sit during the lunch hour?

SOME HON. MEMBERS: Yes.

MR. CHAIRMAN: Then, everybody should restrict themselves to the clarifications. Now it has become a debate. It is a very important subject, touching the heart of India. There is no doubt about it. I would request the Members to please shorten the questions, or, comments only to the clarifications that they want from the Government, so that we can have other business also.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, I will finish in half a minute. I will just complete it because it is not an issue where there is no need, or, no scope for political will. I only request the House to understand the magnitude of the problem and the agony of the people who have become victims of this mindless violence. No amount of sympathy is going to bring back their family members. I myself have seen some of my Party workers, that is, those who have worked with me. They work for 24 hours a day, leaving their

families. Some of the workers of the BJP, the RSS and the ABVP have been done to death without any reason whatsoever, in this mindless violence. So, naturally, we also get agitated. But coming back to these things, I would request the Home Ministry to come out with all the details, so that these details can be put before the people. The people can also be educated. Enough public opinion should be created to isolate this so-called philosophy of mindless violence for personal annihilation. The Government of India should think in these terms. This is my suggestion and this is my request.

श्री जलालुदीन अंसारी (बिहार): सभापति महोदय, नक्सली गतिविधियों पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर विचार हो रहा है। माननीय गृह मंत्री जी ने जोबयान दिया है, उसमें शुरू की पंक्ति में यह है कि देश के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य के संबंध में वामपंथी उग्रवाद चिन्ता का प्रमुख कारण है

MR. CHAIRMAN: Please seek clarifications only. The Members should seek clarifications only, so that the Minister can reply. If we make it a Short Duration Discussion, then, I think, the whole one hour will be....*(Interruptions)*...

श्री जलालुदीन अंसारी : इस पर तो बोलना है न ।

श्री सभापति : बोलना नहीं है, यह कालिंग अटेंशन है। अगर डिबेट होगी तो वह ढाई घंटे के लिए होती है ।

श्री जलालुदीन अंसारी :सब कोई बोले हैं तो हम क्यों नहीं बोले ।

श्री सभापति : बोलिये लेकिन आप पिनप्वाइंट करें ताकि जवाब मिल जाए।

श्री जलालुदीन अंसारी : इसीलिए मैं सवाल उठाना चाहता हूं ।

श्री सभापति: हां हां, उठाइये।

श्री जलालुदीन अंसारी :सवाल यह है कि वामपंथी उग्रवादी जो संगठन है, दूसरा एक प्रमुख कारण आज के नक्सलवादी उग्रवाद के पीछे है। लेकिन उसी का दूसरा पक्ष मैं बिहार की चर्चा करते हुए आपको बताना चाहता हूं। सभापति महोदय, नक्सली गतिविधियों को रोकने के नाम पर रणवीर सेना नाम संगठन बना, उसको दक्षिणपंथी उग्रवादी संगठन कहेंगे या नहीं ? मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा जब वह सफाई देंगे तो बताएंगे । इसलिए चाहे वह वामपंथी उग्रवादी संगठन हों या दक्षिणपंथी संगठन हों, इन दोनों के जब तक सख्त कार्यवाही नहीं करेंगे तब तक इस तरह नरसंहार, आतंक,

हत्या की घटनाएं होती रहेंगी। आंध्र प्रदेश में, बिहार में, मध्य प्रदेश में, उड़ीसा में या अन्य जगहों पर जो घटनाएं घट रही हैं, इनको रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही राज्य सरकारों को भी करनी है और केन्द्र सरकार को भी उसमें भरपूर मदद करनी है। जहां तक नक्सली संगठनों का सवाल है वे गांव के गरीबों को इसलिए भी अपने पक्ष में कर लेते हैं कि उसके कुछ सामाजिक और आर्थिक कारण भी हैं। इस पर केन्द्रीय सरकार को और राज्य सरकारों को ध्यान देने की जरूरत है।

पहला कारण है जो भूमि सुधार कानून बनाए गए - लैंड रिफार्म्स ऐक्ट - उनका लागू नहीं किया जाना। अभी-अभी हदबंदी से फाजिल जमीन रखने वाले लोग हमारे बिहार में वहां पर हैं जो नक्सली इलाका कहा जाता है। तो इसका नाजायज फायदा वे लोग उठाते हैं। वे गरीबों को कहते हैं कि जमीन बांटते नहीं हैं इसलिए हथियार उठाओ। केंद्रीय सरकार ने भी पूरे देश के लिए लैंड रिफार्म्स ऐक्ट संविधान में संशोधन करके बनाए हैं और राज्य सरकारों को कहा है कि इनको लागू करो। तो केंद्र सरकार का भी दायित्व है। राज्य सरकारों का तो है ही। उसी तरह से न्यनतम मजदूरी खेत मजदूरों को नहीं मिलती है। यह दिलाने का काम राज्य सरकारों का है। लेकिन केंद्र सरकार को भी ऐसा मिकेनिज्म बनाना चाहिए कि राज्यों के अंदर जो न्यनतम मजदूरी कानून हैं दे लागू हों ताकि उन गरीबों के असंतोष का बेजा फायदा कोई वामपंथी उग्रवादी संगठन या दक्षिणपंथी उग्रवादी संगठन न उठाये। यह तो उनका दायित्व बनता है। उसी तरह से बेरोजगारों की फौज खड़ी हो रही है। वे इन संगठनों में चले जाते हैं - जिनके पास हथियारबंद गिरोह हैं। वे अपराधकर्मी गिरोहों में चले जाते हैं। वे दंगा-फसाद में शामिल हो जाते हैं। इन बेरोजगार लोगों को रोजगार न दिलाना भी एक कारण है। आज के भी समाज में, जुल्म, अत्याचार, छुआछूत, पक्षपात आदि सामाजिक चीजें अभी भी गांवों के अंदर जारी हैं। इनका भी लाभ ये उग्रवादी संगठन उठाते हैं। इसलिए जो सामाजिक, आर्थिक कारण हैं इन कारणों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है, यह मैं माननीय मंत्री जी से इस सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं।दूसरा है कि वोटों के लिए कुछ राजनीतिक दल, वामपंथी उग्रवादी संगठनों का भी इस्तेमाल करते हैं, दक्षिणपंथी उग्रवादी संगठनों जैसे रणवीर सेना का भी उपयोग करते हैं। मैं किसी दल का नाम नहीं लेना चाहता हूं। लेकिन मैं माननीय गृह मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि इसकी जानकारी आपको है। बिहार में क्या हो रहा है? अगर नहीं है तो इसकी जानकारी आप प्राप्त कर लें। अभी हमको मालूम है कि इसकी जानकारी आपको है। इसलिए मैं किसी पर आक्षेप नहीं लगाता हूं। मैं श्री वेंकैया नायडू से सहमत हूं कि दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर इस समस्या के समाधान के लिए कार्यवाही करें और इसके लिए जो जो उचित आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक कदम उठाने की

आवश्यकता है अगर वे नहीं उठाएंगे तो इस सदन में आप बार बार बहस करते रहेंगे, गृह मंत्री जी बयान देते रहेंगे। लेकिन इन घटनाओं को रोका नहीं जा सकता है। यह मेरी मजबूत समझ है।

बिहार में इन घटनाओं में बड़े-बड़े जनसंहार हुए हैं। आरोप चले हैं कि एम.सी.सी. ने यह कर दिया। अभी हमारे बिहार में आन्ध्र प्रदेश से वेंकैया जी ने पीपुल्स वार ग्रुप को भेज दिया है ... (व्यवधान) चला आया है भेजा नहीं है। तो वे बिहार पहुंच गए हैं। ये सब मिल करके उन क्षेत्रों में काफी आतंकवादी कार्यवाहियां कर रहे हैं, हत्याएं भी कर रहे हैं। हम इससे भी सहमत हैं कि इस लड़ाई में अमीर ही नहीं गरीब भी मारे जाते हैं। ज्यादा नुक्सान इनसे गरीबों को होता है चाहे वह वामपंथ का उग्रवादी संगठन हो या दक्षिणपंथ का। दोनों के हमले के शिकार गरीब लोग हुआ करते हैं चाहे वे किसी भी जाति या सम्प्रदाय के हों। बिहार के उदाहरण इसी बात के प्रमाण हैं। माननीय गृह मंत्री जी को इसकी सारी सूचना मौजूद है।

मैं उन नरसंहारों की चर्चा यहां नहीं करूंगा क्योंकि वह मामला हाउस में कई बार उठ चुका है और वह सर्वविदित है । रहा सवाल कि बिहार के आदिवासी क्षेत्रों में उग्रवादी संगठन हैं कि नहीं, तो वे मध्य बिहार और उत्तर बिहार में हैं, फिर चाहे वह हजारीबाग का इलाका हो, गिरिडीह हो, चतरा, हो, पलांमू हो या गढ़वा हो । ये आदिवासी क्षेत्र हैं और वहां एम0सी0सी0, पीपुल्स वार ग्रुप के अलावा एक लाल खंडी नक्सलवादी संगठन भी है । यह मैं गृह मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं । तो आदिवासी क्षेत्रों में संथालों के बीच में भी ये संगठन बढ़ रहे हैं । इसलिए जिन 4-5 राज्यों की आप ने चर्चा की है वहां इन का भीषण प्रकोप है। महोदय, जिन तरह से वे संगठन हमला करते हैं उस से स्थानीय पुलिस और प्रशासन त्राहि माम का संदेश देकर अपने को सुरक्षित रखने को तैयार रहता है । इस का कारण यह है कि इन आतंकवादी संगठनों के पास अत्याधुनिक अस्त्र हैं और हमारी पुलिस के पास वही पुरानी बंदूक है । यही वजह है कि जहां पुलिस पिकिट है, वहां से आतंकवादी संगठन सारे हथियार लेकर चले जाते हैं और पुलिस वाले चुपचाप रह जाते हैं । कहीं-कहीं वे पुलिस-कर्मियों को मारकर उन के हथियार ले जाते हैं । ऐसी बिहार के अंदर अनेक घटनाएं हुई हैं । इसी तरह की घटनाएं ये उग्रवादी संगठन दूसरे राज्यों में भी करते हैं ।

महोदय, आप ने अपने वक्तव्य में कहा है कि हम ने इतना-इतना पैसा अमुक-अमुक राज्य को दिया है, लेकिन इस में बिहार की आप ने चर्चा नहीं की है । आप ने आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र को दिया है, मैं जानना चाहूंगा कि बिहार

की चर्चा क्यों नहीं की गयी है ? इस के लिए आवश्यक सहायता बिहार को भी दी जानी चाहिए क्योंकि वहां भी रोज पुलिस वालों के हथियार छीने जाते हैं और पुलिस कुछ करने की हालत में नहीं है । उन पुलिस वालों के पास जो हथियार हैं वह उन के आधुनिक हथियारों का मुकाबला करने में नाकाफी हैं ।

अभी एक माननीय सदस्य ने कहा कि वामपंथी दलों के इन संगठनों से संबंध हैं । मैं कहता हूं कि संबंध नहीं हैं । मैं इस सदन के माध्यम से उन से कहना चाहता हूं कि उन के साथ हम लोगों का कोई संबंध नहीं है । वह हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं की भी हत्या करते हैं । पिछले साल ही हमारे एक प्रमुख और उस के बेटे की रात में हत्या कर दी गयी । इसी उग्रवादी संगठन ने बागेश्वर शर्मा और उन के बेटे की हत्या की जो कि हमारी पार्टी के प्रखंड प्रमुख और जन-प्रिय नेता थे । इसलिए सिद्धांत की बात कर के इस समस्या के साथ घालमेल करने की जरूरत नहीं है । हम लोग राजनीतिक तौर पर, सैद्धांतिक तौर पर उन के खिलाफ हैं और सरजमीं पर भी उन से लड़ते हैं । इसलिए जिन चीजों की यहां चर्चा की गयी है, उन को करने की आज जरूरत है । आज ग्रामीण जीवन में विकास कार्यों को कर के उन नौजवानों को जीवन की मुख्य धारा में लाकर इन उग्रवादी संगठनों को अलग-थलग करने की आवश्यकता है । सिर्फ दमन से आप उन्हें खत्म नहीं कर सकते हैं, इसलिए विकास कार्यों के जरिए और जिन बिंदुओं की चर्चा मैं ने की है, उन कदमों को उठाकर और वहां के नौजवानों को मुख्य धारा में लाकर आज चाहे दक्षिण-पंथी उग्रवादी संगठन हो या वामपंथी उग्रवादी संगठन हो - इन दोनों के सामाजिक आधार को समाप्त करने के लिए सामाजिक, आर्थिक कदम उठाने होंगे । इस के साथ ही साथ प्रशासनिक कदम भी उठाने होंगे और पुलिस बल को आधुनिक अस्त्रों से लैस करना पड़ेगा । अंत में मुझे यह कहना है कि इसके लिए अपने दलीय लाभ को ध्यान में न रखते हुए इन संगठनों को जो राजनैतिक संरक्षण दिया जाता है, वह संरक्षण न दिया जाए। मैं सभी दलों से यह अनुरोध करुंगा कि वोट के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जो आप संरक्षण देते हैं, उसको कृपया बंद कीजिए । अगर आप बंद नहीं करेंगे तो एक दूसरे के खिलाफ सिर्फ प्रचार करके आप इस समस्या का समाधान कतई नहीं निकाल सकते । मैंने बहुत ही विनम्र और जवाबदेही के साथ, जो बिहार की स्थिति है उसको ध्यान में रखकर, सही तथ्यों की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया है । यही वस्तुस्थिति है । जब आप उनको राजनैतिक संरक्षण देना बंद करेंगे तब जाकर सही रास्ता निकलेगा ।

महोदय, यह बात भी ठीक है कि उनके बीच जन चेतना फैलाने की जरूरत है । जहां तक यह लोग अपने आपको तथाकथित मार्क्सवादी कहते हैं, लेकिन इनको

मार्क्सवाद का ज्ञान ही कहां है । यह तो मार्क्सवाद से भटके हुए लोग हैं और उनको मार्क्सवाद से कोई वास्ता नहीं है, जनता से कोई वास्ता नहीं है । यह लोग जनता की भावनाओं का गलत तरीके से उपयोग करके अपने लाभ के लिए काम करते हैं, पैसा कमाने के लिए काम करते हैं और दूसरे तरह के कार्य में इसका इस्तेमाल करते हैं, मैं इस बात को जानता हूँ ।

महोदय, मैं सदन का समय नहीं लेना चाहता । मैं चाहता हूँ कि गृह मंत्री जी और भारत सरकार इन राज्यों में इन समस्याओं के सही समाधान के लिए, सामाजिक आर्थिक कदमों को उठाने के लिए राज्य सरकारों को प्रोत्साहित करे और प्रशासनिक कदम उठाए । इसके साथ ही मैं राजनैतिक दलों से भी अपील करना चाहता हूँ कि अपने वोट के लाभ के लिए ऐसे संगठनों को राजनैतिक संरक्षण न दें और न किसी प्रकार की मदद दें, तभी हम इस समस्या से निपट सकते हैं और कोई सही समाधान निकाल सकते हैं । धन्यवाद ।

MR. CHAIRMAN: If every Member starts speaking for 15 to 17 minutes for seeking clarifications, we cannot finish the Calling Attention before 2 o'clock because the Minister has also to reply. If you confine yourself to two or three minutes, it will be much better and fruitful because you will be able to get the reply.

श्रीमती कमला सिन्हा (बिहार) : सर, समय की पाबंदी में थोड़ी सी ढील कर दीजिएगा । मुझसे पहले बोलने वाले 17 मिनट, 20 मिनट बोले, मेरे लिए 2 मिनट की पाबंदी न कीजिए । यह मेरी आपसे दरखास्त होगी ।

श्री सभापति : ठीक है, ढाई मिनट ।

श्रीमती कमला सिन्हा : सर, मैं हाथ जोड़ती हूँ ।

श्री सभापति : अच्छा, 3 मिनट सही ।

श्रीमती कमला सिन्हा : सर, 10 मिनट कर दीजिए।

श्री सभापति : गृह मंत्री जी को जवाब भी देना है ।

श्रीमती कमला सिन्हा : सर, गृह मंत्री जी ने नक्सलवादी कार्यकलापों के बारे में जो बयान दिया है, उस पर अपने कुछ विचार रखना चाहूंगी । इसमें कई प्रांतों की चर्चा संजय निरूपम जी ने की है, जो मंत्री जी के बयान में भी है । मैं केवल अपने आपको

बिहार तक ही सीमित रखूंगी । मेरे पूर्व वक्ता जलालुदीन अंसारी जी ने बहुत विस्तार से अपनी बातों को कहा है, मैं उनको दोहराना नहीं चाहूंगी । मैं आपको केवल बताना चाहूंगी कि मध्य बिहार में ही नहीं, मध्य बिहार के अलावा रोहतास की जो कैमूर पहाड़ी है, उसमें बड़े पैमाने पर नक्सलवादियों ने, आज से ही नहीं बल्कि काफी शुरू से, अपना स्थान बना रखा है, जो आज भी है और इनको राजनैतिक संरक्षण भी मिला हुआ है, जिनमें तरह तरह के संरक्षण हैं । एक तो वहां पर पुलिस चौकी नहीं है । अगर कोई पुलिस चौकी बिहार में है भी तो वहां पुलिस वालों की यह स्थिति है, जैसे पुराने जमाने में अंग्रेजों के समय में एक पुलिस चौकी में घोड़ा हुआ करता था और पांच कांस्टेबल हुआ करते थे, शायद आज भी वही स्थिति बनी हुई है, घोड़ा तो नहीं है, लेकिन अस्तबल के नाम पर कुछ होगा । मेरा यह कहना है कि उनको मोडर्न इक्युमेंट मिलने चाहिएं, उनके लिए जीप गाड़ी अच्छी कंडीशन वाली होनी चाहिए । लेकिन, बीच बीच में इसकी भी निगरानी होती रहनी चाहिए कि वह जीप गाड़ी कहीं दरोगा जी के काम में तो नहीं आ रही है या हैड कांस्टेबल साहब के ही काम में तो नहीं आ रही है , सचमुच में यह क्राइम कंट्रोल के काम में आ रही है। यह बहुत आवश्यक है और जो पुलिस की टुकड़ियां हों, वे 5-7 लोगों की होने से काम नहीं चलेगा, यह बड़ी टुकड़ियां होनी चाहिए और पुलिस की बहाली जो हो, उसमें थोड़ी निगरानी होनी चाहिए । यह कौन करेगा, यह तो मैं नहीं जानती क्योंकि लॉ एंड ऑर्डर स्टेट सब्जैक्ट है और पुलिस की जो बहाली होती है, उसमें भी बहुत गलत तरीके अपनाए जाते हैं, उन्हें भी देखना होगा । अब प्रान्तीय सरकारें अगर यह करती हैं तो इसमें केन्द्र सरकार क्या करेगी, यह मैं नहीं जानती, लेकिन स्थिति ऐसी है । रांची, हज़ारीबाग, गिरिडीह, चतरा, पलामू और गढ़वा जिले, ये सब जंगल के और पहाड़ी इलाके हैं और इन सब में एम0सी0सी0 के नाम पर तरह-तरह के क्राइम होते रहते हैं और सचमुच इसमें एम0सी0सी0 वाले इन्वाल्व हैं या नहीं, यह भी कहना मुश्किल है लेकिन बड़े पैमाने पर निश्चित रूप से इनका भी हाथ है । अभी कुछ दिन पहले की बात है, इसमें सी0सी0एल0 का एरिया, कोयला अंचल भी आता है, वहां लालपनिया में एक बिजलीघर बना है, वहां तक जाने के लिए करीब 20-25 किलीमीटर की एक सड़क बन रही थी, जिसे आर्मी का एक आरगेनाइजेशन - बॉर्डर रोड आरगेनाइजेशन - बना रहा था, उन्होंने उसके इंजीनियर को ही उठा लिया यह कहकर कि वह पैसे देंगे । जलालुदीन जी ने ठीक कहा कि उनका पेशा हो गया है हर काम में पैसा मांगना । गांव में सड़क बनती है, एम0पी0 लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत सड़क बनती है, उसमें वे चंदा वसूलते हैं, बाकी कोई काम होता है तो उसमें से चंदा वसूलते हैं और काम नहीं करने देते हैं, विकास का काम नहीं करने देते हैं और लोग डर के मारे भाग जाते हैं । तो उन्होंने

बॉर्डर रोड आरगेनाइजेशन के इंजीनियर को किडनेप कर लिया । बॉर्डर रोड वालों ने अपने गनमैन मंगवाए और अपने उन गनमैनों के सहारे, बंदूक के साए में उन्होंने रिकार्ड टाइम में उस सड़क को बना लिया और डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को उन्होंने कहा कि हमारे इंजीनियर को एक सप्ताह के अंदर आप रिकवर करके ला दीजिए नहीं तो हम इस ईश्यू को डिफेंस मिनिस्ट्री तक उठाएंगे और सरप्राइसिंगली वह इंजीनियर वापिस आ गया । तो यदि कोई काम करना चाहे, तो हो सकता है । इस घटना का ज़िक्र मैंने केवल आपकी जानकारी के लिए किया कि इस तरह की बातें वहां हो रही हैं । इसमें एक जो आवश्यकता है, वह है पुलिस फोर्स के मॉरेल को हाई करने की । अब यह तो शायद आपके हाथ में है नहीं, स्टेट गवर्नमेंट का मामला है, अब आप उसे कैसे चुस्त-दुरुस्त करेंगे यह आप जानें । दूसरा, उनको मॉडर्न इक्विपमेंट देने की जरूरत है और क्विक मूवमेंट हो, यह बहुत जरूरी है । कहीं अगर कोई वाकया हो जाए, वहां पहुंचने के लिए क्विक मूवमेंट हो, उसके लिए भी उपाय करने होंगे । तीसरी बात है कि जो हमारी पुलिस के जवान हैं, उनका भी थोड़ा मॉरेल हाई होना चाहिए, आज उनका मॉरेल बिल्कुल डाउन है । आज कोई काम करने जाना नहीं चाहता है, कोई खतरा मोल लेना नहीं चाहता है, आज यह हालत हो गई है ।

अंतिम बात जो मैं कहना चाहूंगी, वह यह है कि गांवों की स्थिति तो आज यह हो गई है कि लोग लाल झंडे की जय करके अपनी जान बचा रहे हैं । माफ कीजिएगा, हमारे साथियों में से बहुतों का लाल झंडा है, मैं आपके झंडे के बारे में इशारा नहीं कर रही हूं । लेकिन वहां आज हालत ऐसी है कि लाल झंडे की जय बोलकर लोग अपनी जान बचा रहे हैं और वे उनको रेगुलर टैक्स देते हैं, अनाज देते हैं, रुपया देते हैं । सारे इलाके में बिल्कुल एक पैरेलल् गवर्नमेंट चल रही है और बिहार के आधे इलाकों में इस तरह की पैरेलल् गवर्नमेंट चल रही है, स्टेट गवर्नमेंट का रिट रन नहीं करता है वहां, अगर रन करता है तो मैं नहीं जानती कि वह किस ढंग से रन करता है, उसका कोई दूसरा तरीका है, जिसके बारे में जलालुदीन अंसारी जी ने भी ज़िक्र किया, उसी ढंग से वह पोलिटिकल कनाइवेंस होता होगा ।

इसी तरह, महोदय, एक और जो सबसे चिंताजनक बात हो गई है बॉर्डर एरिया में, क्योंकि हमारा बॉर्डर काफी दूर तक नेपाल और बंगला देश के बॉर्डर के साथ जुड़ा हुआ है, वह यह है कि उल्फा उग्रवादी भी उनके साथ हाथ मिला रहे हैं, आई.एस.आई. के लोग भी आकर हाथ मिला रहे हैं और ये लोग जाली नोटों का कारोबार भी कर रहे हैं । तो यह एक बहुत ही विचित्र स्थिति पैदा हो गई है और बिहार जैसे शांतिप्रिय स्टेट में, जहां भगवान बुद्ध, महावीर और अनेक सनामधन्य व्यक्ति हुए हैं, उस प्रान्त में यह

स्थिति पैदा हो गई है कि मध्य बिहार में, उत्तर बिहार के सीमावर्ती इलाके में और छुटनापुर के इलाके में आज गांव में कोई व्यक्ति चैन की नींद नहीं सो सकता है । आज कोई घर से निकले तो वह वापिस आएगा या नहीं, इसका कुछ पता नहीं है । आज वहां यह स्थिति हो गई है । शाम के बाद वहां लड़कियां घर से निकलती नहीं हैं । कोई परिवार - पति, पत्नी, बच्चे - एक साथ जा नहीं सकता । वापिस आएगा कि या नहीं, कोई ठिकाना नहीं है, यह स्थिति हो गई है। इस ध्यानाकर्षण के जरिए इन बातों की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती थी कि इस पर केन्द्रीय सरकार समुचित उपाय करे ताकि इस स्थिति में सुधार हो। बिहार में जंगल राज है।

MR. CHAIRMAN : Shri Ramoowalia. I hope, you will restrict yourself to three minutes.

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया (उत्तर प्रदेश) : धन्यवाद सभापति महोदय। एक तो मैं राय देता हूं कि इतिहास पिछली घटनाओं का मूल्यांकन होता है और आने वाले समय के लिए तजुर्बा होता है। एक तो बार-बार यह मत कहो कि यह नक्सलाइट वामपंथियों से जुड़े हैं। सभापति जी, यही गलती सिखों के बारे में की गई थी। टेरोरिस्ट मुट्ठी भर थे सभी सिखों को कह दिया कि सभी टेरोरिस्ट हैं। वह भी गलती थी। आज इसको समझने की कोशिश करो कि सिख टेरोरिस्ट शब्द प्रयोग करना गलती हुई। अब वामपंथी नक्सलाइट मत कहो, सिर्फ नक्सलाइट कहो -नम्बर एक। दूसरी बात मैं आपसे कहना चाहता हूं कि.....**(व्यवधान)**

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : बड़ी टेक्नीकल बात ढूंढी है।

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया : हम तो कोशिश करते है कि फिजूल बात कोई और आदमी करे, हम न करें हमारी यही कोशिश होती है।

दूसरी बात, जनाब, मैं यह कहना चाहता हूं कि टेरोरिज्म नक्सलाइट्स का हो, धार्मिक हो उसमें लूट खसोट, मासूमों व यतीमों का नुकसान करना और नौजवान लड़कियों और बच्चियों का शोषण करना, चाहे यह आई.आर.ए. हो, नक्सलाइट्स हों, खालिस्तानी हों यह होता ही रहा है। मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या वजह है कि इन लोगों की कंसोलिडेशन हो रहा है आइसोलेशन नहीं हो रहा है। अगर आइसोलेशन हो रहा है तो क्या माननीय गृह मंत्री जी बताएंगे कि किन-किन बातों में आइसोलेशन हो रहा है? दूसरे, जैसा मैंने पहले कहा कि सभी वामपंथियों को इसमें न माना जाए। इसके बारे में क्या कोई रेडियो, टी0वी0, अखबारों के लिए कोई नीति बनेगी

कि सभी वामपंथी नहीं केवल नक्सलाइट झंडे तले यह गिरोह जुडे हैं। तीसरे, क्या यह सच है कि नक्सलाइट संगठनों में भारी संख्या में जो लोग हैं वह अति गरीब लोग, बे-जमीन लोग, बेरोजगार लोग अमीरों और समृद्ध वर्गों के शोषण के शिकार लोग हैं, या कोई और लोग हैं? चौथे, इन संगठनों का बुनियादी सिद्धांत क्या है? क्या वह बुनियादी सिद्धांत हमारे आम वर्ग के लोग जो अमीर वर्ग में नहीं आते उनको आकर्षित तो नहीं कर रहा है? आखिर यह कैसा सिद्धांत है? क्या कोई ऐसा सिद्धांत तो नहीं कि हमारा जो वर्तमान सिस्टम है इसमें सभी बुराइयों की जड़ को सुधारने का रास्ता खत्म हो गया है और संतुलित आस्था को सामने रखकर यह सभी को आकर्षण कर रहा है? पांचवी चीज, क्या आप अनुभव करते हैं कि कोई बातचीत या डॉयलोग का रास्ता भी है? छटी चीज, क्या आम लोगों की तरफ से सरकारी एजेंसियों को खुद-ब-खुद नक्सलाइट को लोगों का दुश्मन मानकर कुछ सूचना आ रही है? अगर लोगों से सूचना नहीं आ रही है तो क्या ऐसा तो नहीं है कि लोगों ने नक्सलाइट को अपने मुक्ति दाता, साल्वेशन, दिलवाने वाले नेता तो नहीं मानना शुरू कर दिया?

सर, एक और चीज है,annihilation of class enemies जो थ्योरी है उसमें शोषण होता है including these classes with huge unemployment, and exploitation, particularly small producersजो ट्राइब्स की प्रोड्यूज होती है उसका मुद्दा लोगों को बहुत तरह से प्रभावित नहीं कर रहा है। मैं एक बात और तजुर्बे के तौर पर कहता हूं कि सिद्धांत में एक मैथ क्रिएट कर दी जाती है, आप जितना उसके नजदीक होकर तोड़ने की कोशिश करोगे उसमें शायद ही सफलता मिले। सन् 1989 में राजीव गांधी जी जिंदा थे और प्रधान मंत्री थे तब मैंने यह मूवमेंट चलाया था कि विदेशों से जितने सिख भारत आ सकते हैं, आने दो। दस सालों में मैं लगभग दो हजार लोगों को यहां लाया और दो हजार यहां से वापस गए। मैं कोई दिशा नहीं बदल रहा हूं। अब दो महीने पहले खालिस्तानियों ने मेरे खिलाफ मीटिंग की और यह कहा है कि जो आदमी विदेश से भारत चला जाता है, पंजाब में दो महीने रहता है, क्या होता है कि यहां अमरीका और कनाडा से आते ही ठंडा हो जाता है। क्यों ठंडा हो जाता है? सर, वह खुद देखता है कि पंजाब में न खालिस्तान है, न हिन्दू बनने से झगड़ा है और न ही कोई लड़ाई है, भारत समृद्ध है। तो क्या कोई ऐसी भी योजना हो सकती है, जो लोग उनके नजदीक हैं और किसी न किसी तरह समाज का हिस्सा हैं , हमें उनकी दृष्टि से देखना चाहिए। इस बारे में श्री वेंकैया जी ने कहा है, मैं उसका अनुमोदन करता हूं

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी (बिहार): सदर मोहतरम, नक्सलवाद और

उसके जरिए होने वाली बर्बादी पर तफसील से चर्चा हो गई है। मैं होम मिनिस्टर साहब का ध्यान दो बातों की तरफ दिलवाऊंगा और एक बात मुझे पूछनी है। यह नक्सलवाद पैदा क्यों हुआ और इसकी बैकग्राउन्ड क्या है? मेरी जहां तक जानकारी है, नक्सलवाड़ी कोई जगह बंगाल में है और वहां से कुछ लोग निकले। अब बंगाल में नक्सलवादियों की सरगर्मियां देखने को नहीं मिल रही हैं मगर यह नक्सलवाद पूरे मुल्क में फैल गया है । लोगों ने वजुहात बहुत सारे बताए हैं कि जमीन का सुधार हो जाए तो यह खत्म हो जाएगा। मै अर्ज़ यह करना चाहता हूं कि ये फोड़े तो जिस्म पर मुसलसल निकलते हैं और इन फोड़ों का इलाज जिन डाक्टरों के जिम्मे है वे टेबलेट्स दे देकर इन फोड़ों को सुखा देते हैं। नतीजा यह होता है, एक जगह सूखता है, दूसरी जगह फूट पड़ता है। अब जरूरत है खराब ब्लड का इलाज करने की , जिसकी वजह से इस तरह के फोड़े निकलते हैं। नक्सलवादी फोड़ा हो, चाहे आतंकवादी फोड़ा हो, चाहे कम्युनिलिज्म का फोड़ा हो, चाहे इलाकों में जात-पांत के भेदभाव के फोड़े हों, इन सारे फोड़ों का रिश्ता एक जैसा है। गरीबी उसका मूल कारण है। लोगों को कानून मौजूद होने के बावजूद भी इन्साफ नहीं मिलता है, संरक्षण नहीं मिलता है। पुलिस मौजूद होते हुए भी लोगों के साथ नाइन्साफी होती है। जुल्म कानून के सहारे किया जाता है, और यह सब कानून की हिफाजत और रक्षा करने वाले करते हैं। ज़ब इस तरह का काम होता है तो लोग निराश होकर गलत हाथों में पड़कर इस्तेमाल होने लगते हैं और मुल्क और कौम को तबाही के रास्ते पर ले जाते हैं, बर्बादी के कगार पर ले जाते हैं।

मैं यह अर्ज करूंगा कि जो लोग नक्लवादी हो गए, पहले तो मैं इस काम की मुजम्मत और निन्दा करता हूं कि जो भी काम कानून के दायरे से बाहर निकलकर किया जाए उस काम की हौसला अफजाई कहीं नहीं होनी चाहिए, उसकी मुजम्मत होनी चाहिए। मगर उसकी मुजम्मत करने वालों का जो गिरोह है, वह पार्लियामेंट या असेम्बली में बैठता है। वह मिनिस्टर और एमपी कहलाता है। उस पर नियंत्रण करने के लिए जो थानों में कर्मचारी बैठते हैं वे पुलिस कर्मचारी कहलाते हैं। इनके कैरेक्टर पर भी एक नजर डाली जाए तो ऐसा लगता है कि जिस तरह से इलैक्शन और सलेक्शन होता है उसमें जिस तरह से गुंडों का इस्तेमाल होता है , जिस तरह से शराब का इस्तेमाल होता है, जिस तरह से नाइन्साफी और धांधलियों के जरिए जीतने वाला हरवा दिया जाता है और हारने वाला जितवा दिया जाता है। ये सारी की सारी चीजें इस तरह के नक्सलवादियों और अपराधियों को हौंसला बख्शती हैं । जब वे यह देखते हैं कि कानून की हुक्मरानी जिन लोगों के हाथों में है वे लोग ही गलत काम करते हैं छूटते रहते हैं । वे लोग देशद्रोह का काम करते हैं और उनके खिलाफ कानून कोई ऐक्शन नहीं लेता है, वे लोग जो इस

देश में जात-पात, दीन-धर्म के नाम से भेदभाव पैदा करते हैं और इसके बावजूद इज्जत की कुर्सियों पर बैठे रहते हैं, और ऐसे ही लोगों का मान-सम्मान होता है । जब ऐसी चीजें लोग देखते हैं और अपने साथ नाइंसाफी महसूस करते हैं तब ऐसे लोग उन गलत हाथों में चले जाते हैं । जो लोग कानून की कुर्सियों पर बैठे हैं, इज्जत की कुर्सियों पर बैठे हैं, उनकी जिंदगी से करप्शन खत्म नहीं हो रहा है, उनके माहौल में बुराइयां और बहाइयां खुद जन्म लेती हैं, ऐब को हुनर बना लिया गया है और हुनर को ऐब बना लिया गया है, ऐसी सूरत में वे गरीब लोग भी उन लोगों के शिकार हो जाते हैं जो लोग इस बात में यकीन रखते हैं कि बंदूक की गोली से सत्ता को हथियाया जा सकता है । उनको यह यकीन किसने दिलवा दिया कि बंदूक की गोल से सत्ता को हथियाया जा सकता है ? उन लोगों ने उन्हें यह यकीन दिलवाया जिन लोगों ने मुल्क में, सियासत में, सत्ता की रोटी सेकने के लिए अपने अपराधों के जरिए हिंदुस्तान के वातावरण को खराब किया और सत्ता की कुर्सियों तक पहुंच गए । इसलिए मैं आपसे गुजारिश कर रहा हूं कि ऐसी फिक्र पर पाबंदी लगनी चाहिए जो चीजें नक्सलवाद जैसी बुराइयों को जन्म देती हैं, चाहे वे जिस रास्ते से भी आती हों । मैं मिनिस्टर साहब से यह जानना चाहूंगा कि क्या आपने नक्सलवादियों से बात करने का प्रोग्राम बनाया है कि खुदा के लिए ऐसा काम न करें और मुख्यधारा में जुड़ जाओ । जिस तरह से हमारी सरकार ने पंजाब में लोगों से बात करने का प्रोग्राम बनाया था, असम में लोगों से बात करने का प्रोग्राम बनाया था । क्या आप ऐसा कोई प्रोग्राम इनके साथ भी बनाने जा रहे हैं कि इन लोगों को गलत रविश से छुड़वाकर सीधी राह पर ले जाकर मुख्यधारा में लगाया जाए ताकि देश का विकास हो सके ।

पुलिस के बारे में भी सभापति महोदय एक बात कहूंगा कि पुलिस का जुल्म भी मामूली नहीं है । लोग लाख पुलिस के मोरल को हाई करने की बात कहें । पुलिस के जुल्म के जरिए भी आतंकवाद फैलता है, मुझे यह कहने में कोई शक नहीं है, मैंने असल में इन चीजों को देखा है । इस तरह जहां-जहां से चोर रास्तों से आतंकवाद फैलता है और नक्सलवाद फैलता है, उस पर काबू रखने के लिए क्या गृह मंत्री जी कोई उपाय करेंगे ?

श्री नरेश यादव (बिहार) : धन्यवाद सभापति महोदय, नक्सलवाद के बारे में जो चर्चा उठाई गई है और माननीय गृह मंत्री जी ने जो वक्तव्य दिया है तथा उसके बारे में सदन की जो राय आई है उससे ऐसा लगता है कि सही मायनों में सदन इस मामले में बहुत गंभीर है और इसका उत्तर हम माननीय गृह मंत्री से गंभीरता से जानना चाहेंगे ।

सभापति महोदय, सिर्फ एक बात कहकर मैं अपनी बात प्रारंभ करूंगा कि अभी यह चर्चा चल रही है कि नक्सलवाद इस देश की एक राष्ट्रीय समस्या है, परंतु यह समस्या कहां से आती है यह मैं श्रीमान् जी के ध्यान में लाना चाहूंगा । इस वाद को आज

आपके प्रयास से लोग नोन पोलिटिकल कहकर समस्या के समाधान के लिए कह रहे हैं । यहां एक मेम्बर जिनका मैं बड़ा मान-सम्मान करता हूं, कमला दीदी जी, वे कहती हैं कि बिहार में जंगल राज है। जनता के द्वारा चुने हुए बहुमत दल के नेता सर्वसम्मति से चुने गए नेता के होते हुए लोकतंत्र के चलते बिहार में ही नहीं बल्कि पूरे देश में नक्सलवाद पनपा है और इसकी जड़ में सामाजिक शोषण इसका मुख्य कारण है । यह एक आतंकवादी व्यवस्था है, पर यह कहां-कहां है । श्री आज़मी जी ने बहुत अच्छा कहा कि यह बंगाल से चला था परंतु बंगाल में समाप्त हो गया । लेकिन सभापति महोदय, जहां-जहां सामंतवादी थे, जहां हजारों सालों से एक खास वर्ग को सताया गया था, दबाया गया था, उनके धन पर कब्जा किया गया था , उनके पेट और दिमाग को लूटा गया था, वहां आज इन वर्गों के पास बंदूकें हैं,हाथियारों के लाइसेंस हैं। उनको भय दिखाकर शासन पर उसने कब्जा किया ।

उन वर्गों के पास हथियारों का लाइसेंस है, उनका भय दिखा कर के शासन पर कब्जा उसने किया । जरूर उस समय जो उसने देखा कि यह बंदूक शासन पर कब्जा लाती है, भय दिखा कर के वोट को लूटता है, बंदूक का सहारा उसने लिया जो बहुत गलत है । हम लोग इस बात को गलत मानते हैं । बंदूक के सहारे से कभी भी, किसी भी देश का राज्य की तकदीर नहीं बन सकती है । तकदीर तो बनती है राज्य और देश की, वहां के लोकमत से, वहां की लोकशाही से वरन् तानाशाही से नहीं बनती है । इस बात को हम लोग मानने वाले हैं । इसलिए गृह मंत्री जी इस मामले को सच मानिये, हम चाहते हैं कि इस देश से नक्सलवाद खत्म हो । इसके लिए सामाजिक सुधार आपको नीचे के स्तर से करने की जरूरत है । अगर आप नीचे के स्तर से नहीं, ऊपरी तौर पर चले आए तो कहीं भी सुधार होने वाला नहीं है । जैसे यह कहा गया कि पुलिस का मनोबल बहुत नीचा है । पुलिस का मनोबल बहुत ऊंचा है और इसी मनोबल के ऊंचा होने के कारण आज अपराध रुके हुए हैं। जब देश में व्यवस्थाएं गिरती हैं, देश की व्यवस्था में भटकाव आता है तो उसका असर पूरे देश की जनता के साथ आता है । आखिर जनता ही पुलिस है, जनता ही एम०एल०ए० है, जनता ही ब्यूरोक्रेट है, सारे लोग वही हैं । इसलिए सच मानिये हम को नीचे से सुधार शुरू करना पड़ेगा । माननीय गृह मंत्री जी ने अंत में कहा है कि सारी समस्याओं के निदान के लिए नक्सलवाद से लड़ने के लिए केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बल उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है । बिहार सरकार नक्सलवाद के खिलाफ, उग्रवाद के खिलाफ लड़ रही है लेकिन वहां से अर्द्ध सैनिक बलों को वापिस किया जा रहा है । जो भी मांगा जा रहा है, वह नहीं दिया जा रहा है । जो है, उसको वापिस मांगा जा रहा है । आज बिहार के पास क्या है ? जैसे कि सभी साथियों ने कहा नक्सलवादियों और

उग्रवादियों के खिलाफ आधुनिक हथियार, बारुदी सुरंग बिछाने की क्षमता है लेकिन उनका मुकाबला कैसे किया जाए ? हमारी पुलिस के पास ऐसे इक्विपमेंट नहीं हैं । इसलिए मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूंगा कि अत्यंत आधुनिक हथियार उनको मुहैया कराए जाएं । नक्सलवादियों और उग्रवादियों के पास आखिर यह आधुनिक हथियार आते कहां से हैं ? उनके पास ए०के०४७, एस.एल.आर. और अत्यंत आधुनिक हथियार उपलब्ध हैं । यह हथियार विदेशों से आ रहे हैं, विदेशों का फाटक खोला जा रहा है । कभी आई०एस०आई० से आ रहा है, कभी उग्रवादी हथियार ला रहे हैं । कहीं न कहीं आपको कंट्रोल करना पड़ेगा, सख्ती करनी पड़ेगी । जो हथियार आने का रास्ता है, उसको रोकना पड़ेगा । एक बात मैं कहना चाहूंगा । सब से बड़ी जड़ है बेरोजगारी । बेरोजगार युवक क्या नहीं करता । आज बेरोजगारी की समस्या गम्भीर है । हमें हर गांव में रोज़गार पहुंचाना पड़ेगा, उनको रोज़गार देना पड़ेगा । बेरोजगारों को भटका दिया जाता है । उनसे यह कहा जाता है कि इस सामाजिक व्यवस्था में शोषण है । बेरोजगारों को कहा जाता है देखो वह शोषण है, वह महल है, वह जमीन है, वह बंदूक है । यहां पर दिखाया जाता है कि उनके लिए तबाही है, खाने के लिए कुछ नहीं है, पहनने के लिए वस्त्र नहीं हैं, रहने के लिए घर नहीं हैं । उनको यह लगता है कि यह बात सही कही जा रही है । इसलिए हम लोगों को राजनीतिक प्रयास भी करना पड़ेगा, सामाजिक प्रयास भी सर्वांगीण तौर से करना पड़ेगा अगर आप सच्चे मन से चाहते हैं कि उग्रवाद समाप्त हो । आज तो आप पांच राज्यों की बात कर रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि खास जिलों में नहीं, खास राज्यों में नहीं, धीरे धीरे पूरे देश में यह फैल रहा है । यह एक राष्ट्रीय समस्या बन गई है और इसको राष्ट्रीय स्तर पर हल करने के लिए इस देश की जनता को और सरकार को मिल कर चलना होगा तभी इसका निदान होगा । हम इस बात का सख्त विरोध करते हैं कि इस तरह से राजनीतिक रूप से इस अच्छी बहस का उपयोग किया जाए। यह अच्छी बात नहीं है । इसलिए मैं गुज़ारिश करना चाहूंगा कि अगर इस देश से नक्सलवाद को हटाना चाहते हैं तो गरीब आदमी जो वंचित है, डिप्रेस्ड है, नीचे की क्लास का है, उनके जीवन में सुधार लाने की जरूरत है । इसको तभी कहा गया था अंत्योदय । वहीं से हमें शुरू करना पड़ेगा । इसमें उसी क्लास के लोग हैं जो पिछड़े हुए हैं, दलित हैं या गरीब आदमी हैं । समाज के वही लोग उसमें लगे हुए हैं, इनके साथ ज्यादतियां हुई हैं, जुल्म हुए हैं, अत्याचार हुए हैं, अन्याय हुआ है, यह बिलकुल सत्य बात है, इसमें कोई झुठलाने की बात नहीं है । व्यवस्थाएं जातिवादी हैं, जाति के नाम से मान-सम्मान मिला है ।जाति के नाम से अपमान मिला है। जाति के पास में धन रहा है। जाति के नाम से धन से वंचित किया गया है।

जाति के नाम पर धरती छुई जाती थी। यह व्यवस्था इस समाज में रही है। इसलिए बड़े स्तर से, व्यापक तौर से हम लोगों को इस पर प्रयास करना पड़ेगा।

श्री संघ प्रिय गौतम : मेरा एक आब्जेक्शन है। उन्होंने कहा है कि ये गरीब लोग और सब लोग नक्सलवाद में लगे हैं। यह सही नहीं है। इसको निकाल दिया जाए। यह तो बड़े लोगों ने शुरू किया है। मैं इसके खिलाफ हूं। यह गरीबों का अपमान है।

श्री नरेश यादव : मैं इस बात को मानता हूं कि इसमें गरीब लोग, वंचित लोग, डिप्रेस्ड लोग हैं जिनको हजारों सालों से सताया गया है। उनका इस्तेमाल किया गया है। आज इसमें उसी क्लास के लोग हैं। अमीरों के द्वारा गरीबों को सताया गया है। इसलिए अगर हम सचमुच प्रयास करना चाहते हैं तो नीचे से हमें कार्यक्रम शुरू करना पड़ेगा।

आपने ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्रीगांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश) : धन्यवाद महोदय।

महोदय, इस वक्तव्य की पहली लाइन को मैं उद्धृत करना चाहता हूं जिसमें गृह मंत्री जी ने कहा है - " देश के आन्तरिक सुरक्षा परिदृश्य के संबंध में वामपंथी उग्रवाद चिन्ता का प्रमुख कारण है।" लेकिन मेरी राय में वामपंथी उग्रवाद पैदा होने के कारण का पता

[उपसभाध्यक्ष (श्री अधिक शिरोडकर) पीठासीन हुए]

लगाना कहीं इससे अधिक प्रमुख है क्योंकि मेरी राय में जब तक किसी समस्या के कारण का पता नहीं लगाया जा सकता है तब तक उसका निवारण करना बहुत ही कठिन काम है। अगर कारण का पता लग जाए तो किसी भी समस्या का निवारण करना आसान हो जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार द्वारा यह पता लगाया जा रहा है कि वामपंथी उग्रवाद पैदा होने का क्या कारण है? क्या इस देश में बेरोजगार नौजवान एवं भुखमरी के शिकार नौजवान उग्रवाद का रूप नहीं ले रहे हैं? जैसे कि कहा जाता है "मरता क्या न करता"। क्या अनावश्यक रूप से पुलिस आतंक के शिकार नौजवान लोग उग्रवाद का रूप नहीं ले रहे हैं? क्या वर्णवाद, जातिवाद एवं सामाजिक विषमता के शिकार नौजवान लोग उग्रवाद का रूप नहीं ले रहे हैं? क्या सामंतवादी आतंकवाद के शिकार नौजवान उग्रवाद का रूप नहीं ले रहे हैं? क्या बैलेट के अधिकार को बुलेट द्वारा रोकने के कारण उग्रवाद नहीं पैदा हो रहा है? क्या हमारे देश में सी०आई०डी०, सी०बी०आई० आदि संगठन उग्रवादियों का पता लगाने में या उसका समाधान करने में विफल नहीं हैं? महोदय, अगर इन सारे प्रश्नों को ध्यान से देखा जाए तो उग्रवाद के ये सब कारण हैं। मैं मंत्री जी से कहूंगा कि अगर इन सारे प्रश्नों का निवारण

किया जाए तो उग्रवाद को काफी हद तक समापन की ओर ले जाया जा सकता है। धन्यवाद महोदय।

SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh) : Sir, the menace is very distressing. My friend, Shri Venkaiah Naidu, has explained about the charged atmosphere which is prevailing in our State. The people are panic-stricken. Even the people's representatives are unable to discuss this issue on the floor of the House. Because of their guerilla activities, there are hit-and-run type of cases. We are not aware as to when a person would bekilled. There is total indiscriminate killings. They just want to creat a sensation. Sir, if you make an analysis, originally, we were under the that impression it had got some ideological base.If you critically analyse the contemporary movement, you will find that it is a bunch of lumpen sections who want to amass wealth, who want to indulge in every sort of illegal activity, disturb law and order and create panic conditions. Therefore, virtually, there is no ideological character.

Sir, this menace has to be taken up very seriously. Now it is prevailing in five or six States. Its tentacles are being spread to other States also. If a fire occurs in my house, is it not my duty to put it off? If I put it off prudently, it is okay. Otherwise, it will engulf my neighbour's house also. Therefore, unless the Union Government takes it up very seriously, this menace will engulf the entire country.

We have a very able administrator as our Home Minister. An umpteen number of times I have heard him saying that we should put down terrorism and extremism with an iron hand. However, I am sorry to say that still some more efforts are needed.

Sir, I am not exactly aware of the root cause of this problem in other States. Some Members have given their different versions. However, we have received this legacy. In spite of our best efforts, this problem is very prevalent in parts of Telengana and Rayalaseema areas. Sir, I do admit that these are the areas, which have not been properly developed. In spite of our best policies and reforms, we are unable to attract the investment that is required to set up industries there because of the only reason that these areas are infected with Naxalism.

Sir, I need not explain the intensity of the problem because most of the Members have explained it. This problem has to be taken up very

2.00 P.M.

seriously. We will be discussing a number of issues. However, this is a particular issue where, even if a people's representative in our State speaks about Naxalites, he will not be spared. He cannot see the light of the next day. That is the situation. In spite of the State Government's best efforts in the face of the constraints it is facing, still the problem has to be solved. That is why the State needs the Central Government's help and co-operation.

Sir, one of my friends has said that there should be a strong public opinion. They should be alienated from the rural people. How should we do it? Its causes have to be analysed. Still, some people are sympathetic towards these so-called Naxalites. I do not call them, "Naxalites." They are so-called Naxalites. They try to help some people from more impoverished and deprived sections. They will try to earn the goodwill of those people, and they will create dens in those areas. Whenever the police strikes, they will run away to forests.

Sir, the Karnataka Government and the Tamil Nadu Government are trying to catch hold of a forest smuggler named Veerappan for the past 20 years but have failed in their attempt. The fellow is still at large. If this is the situation, you can imagine the plight of the people who are being terrorised by these Naxalites.

Sir, I want to give some advice. Virtually there is a parallel administration in some districts. This menace is trying to destroy the democratic institutions in the country.

They have created Praja Panchayats. If anybody goes to the court of law to seek justice, he will be killed. They have to go to the court of these Praja Panchayats which are being organised by the Naxalites. There are umpteen number of cases where people, who have gone to the court of law, have either been killed or their limbs have been removed. What I am trying to emphasise is that these State institutions are being demolished by them. The institutions, which we have created and strengthened, are being destroyed.

I would request the hon. Home Minister to strengthen the police force with all modern weapons and treat this menace as a national menace. It is not that they have any ideological base. Had it been so, the solution would

have been different. People say that because of under-development of certain areas in Andhra Pradesh, this movement is thriving there. If it is true, the Government should sympathetically consider developing those areas so that this menace can be confronted on the social front also.

Sir, the hon. Home Minister is a very competant man to put down extremism, but, I think, he has not given much attention to this aspect of the problem. I would request him to kindly now pay attention to this very serious problem and initiate some urgent measures to solve this problem.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : सर, मैं बहुत आभारी हूं इस सदन का और विशेषकर जिन्होंने इस चर्चा का आरम्भ किया श्री संजय निरूपम का, कि उन्होंने आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से एक अति महत्वपूर्ण सवाल को यहां चर्चा का विषय बनाया एक काल अटेंसन मोसन के माध्यम से।

[श्री सभापति पीठासीन हुए]

सभापति जी, यह सही है कि काल अटेंसन की जो प्रक्रिया यहां पर है और काल अटेंसन की जो प्रक्रिया दूसरे सदन की है, उसमें काफी अंतर है। यहां पर अल्पकाल की बहस सी हो जाती है, यहां केवल स्पष्टीकरण नहीं लिए जाते है, जैसे दूसरे सदन में लिए जाते है, लेकिन, मैंने एक बात पाई कि मार्क्सवादी पार्टी, सीपीएम कीओर से जबहमारे राधाकृष्ण मूर्ति बोले थे और उसके तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी की ओर से वेंकैया जी बोले थे, तो दोनों वैचारिक दृष्टि से राजनीति के दो छोर हैं, लेकिन सार लगभग समान था। उसी लहजे में बाकी भी अनेक सदस्य बोले, जिनका इस बात पर तो बल था कि नक्सलवादी आंदोलन की उत्पत्ति मूलतया बेरोजगारी, गरीबी, विकास के अभाव भूमि सुधारों का अभाव, न इन समस्याओं में से हुआ है, लेकिन इस बात का भी अहसास था कि धीरे-धीरे करके नक्सलवादी आंदोलन बिगड़ते बिगड़ते, जिसको कहें, कई जगह यह अपराधियों के गिरोह का रूप धारण कर गया और अब एक दूसरे को मरते रहते हैं।

सर, मूलतया नक्सलवाद का जब जन्म हुआ था, मुझे याद है कि कालेज में जो फर्स्ट क्लास फर्स्ट स्टुडेंट थे, बढ़िया से बढ़िया, वह सब नक्सलवाद की ओर आकृष्ट हुए और उसका आधार यह था कि मार्क्सवादी पार्टियों के जो मूल सिद्धांत थे उनको छोड़कर उन्होंने लोकतंत्र का रास्ता अपना लिया है, अब वे चुनाव लड़ने लगे हैं और चुनाव के माध्यम से सोचते हैं कि धीरे-धीरे करके हम सत्ता में आएंगे, सत्ता में आकर हम समाज को

परिवर्तित कर देंगे, यह मार्क्सवाद की कभी कल्पना नहीं थी । मार्क्सवाद की जो मूल कल्पना है, उस मूल कल्पना के हम ही रक्षक हैं, हम ही उसके प्रवर्तक हैं, ऐसा वे सोचने लगे । मैं मानता हूं कि नक्सलवाड़ी में नक्सलवाद ने जन्म लिया और पश्चिमी बंगाल में वह कुछ काल तक रहा, कुछ काल के बाद नहीं रहा तो उसका श्रेय मैं वहां की सरकार को इतना नहीं देता हूं जितना कि मैं सी०पी०एम० और सी०पी०आई० को देता हूं जिन्होंने कि लोकतंत्र को अपनाने के बाद लोकतंत्र को धीरे-धीरे करके स्वीकार कर लिया । शुरू में उनकी भले ही लोकतंत्र में निष्ठा नहीं होगी, शुरू में वे भले ही सोचते होंगे कि we use these platforms to propagate our view-point.

लेकिन शनैः-शनैः उन्होंने लोकतंत्र को वैसे ही स्वीकार कर लिया जैसे बाकी सभी लोकतंत्री पार्टियों ने स्वीकार किया और इस कारण यह अनायास नहीं है । दुनियाभर में...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal) : Just one second. May I point out about it?

SHRI L.K. ADVANI : Yes.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA : He will yield. Comrade Lenin had stated in his classical work that in a country where there is a popular voting system and wherein people can change the Government through elections, there is no question of people taking up arms.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM : This is what he has mentioned.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA : It is a classical system.

SHRI L.K. ADVANI : He is enlightening me about the fact that what is being done now is part of the original Marxism. I can cite so many other quotations which could be quite contrary to this particular quotation. I am not going to debate with you on the issue of Marxism. I don't want to do it. मुझे तो आश्चर्य होता है कि मैं जब कम्प्लिमेंट पे कर रहा हूं तो भी उनको लैनिन का सहारा चाहिए ।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA : Left- handed compliment.

SHRI L.K. ADVANI : It is not a left-handed compliment. It is very sincere compliment because there are people in the Congress Party who would say, "It was our Government which was able to suppress Naxalism effectively." I am not naming anyone. But I have always held, I have always pointed out to my friends in the Akali Dal Party in Punjab when terrorism

and militancy was at its peak, that they should emulate the two Communist parties of West Bengal when they are dealing with the problem of militancy and how they stood against it. They did not compromise and they did not try to use those element, though they were originally your people and, perhaps, among the best, the youth, particularly, who were attracted to Marxism in those days were among the best really. Anyway, this is typical Gurudas Das Guptaji. Do you want to say that it was original? The world over -- it is not merely the Communist Party of India -- you see what has happened. The world over, there are people who would say that this is the end of history. I have read that famous book by Hukuyama saying that democracy has arrived throughout the world; and this is the end of history. It is a longish debate

इस समय मैं तो इस बात से प्रसन्न हूं कि पश्चिमी बंगाल में नक्सलवाद नहीं है । ऐसा नहीं है कि पश्चिमी बंगाल में गरीबी नहीं है, केरल में गरीबी नहीं है, वहां बेरोज़गारी भी है, गरीबी भी है और भी बहुत सारी समस्याएं पश्चिमी बंगाल में हैं लेकिन वहां नक्सलवाद नहीं है । अगर चार-पांच प्रान्तों में नक्सलवाद का प्रभाव है तो हम सबको समझना होगा कि वहां सरकार मज़बूती से काम नहीं ले पा रही है । क्योंकि इसका मूल जन्म अभाव में हुआ है, अज्ञान में हुआ है, तो उसके आधार पर अगर कहीं कोई सरकार मजबूती से काम लेती है तो यह कहा जाने लगता है कि ह्यूमन राइट्स सप्रेस हो रहे हैं, अन्याय हो रहा है, अत्याचार हो रहा है और यह एक पोलिटिकल ईश्यू है, यह एक सोशियल ईश्यू है, यह लॉ एंड ऑर्डर की समस्या नहीं है ऐसा कहा जाता है और अत्यधिक बल उस पर दिया जाता है कि ह्यूमन राइट्स सप्रेस हो रहे हैं। मैं हमेशा कहता हूं कि इस प्रकार के मूवमेंट को रिस्पेक्टिब्लिटी मत दीजिए ।

इस प्रकार की मूवमेंट मूलतः लोकतंत्र विरोधी हैं, लॉ एंड आर्डर का मैं सवाल नहीं खड़ा कर रहा हूं । लॉ एंड आर्डर का तो कोई भी अपराध करेगा, कोई भी हिंसा का रास्ता लेगा चाहिए वह अच्छे काम के लिए भी हिंसा का सहारा लेता है तो भी उसको दंडित करना चाहिए,उसको पकड़ना चाहि, उसको सप्रेस करना चाहिए। लेकिन हम जो राजनीतिक लोग हैं उनको यह सोचना चाहिए कि हिन्दुस्तान में 1947 में गरीबी के बावजूद, इललिट्रेसी के बावजूद, विकास के अभाव के बावजूद यह निश्चय किया और संविधान ने अपने को उस पर प्रतिबद्ध किया कि हम हिन्दुस्तान में परिवर्तन लाएंगे तो वह लोकतंत्रीय मार्ग से लाएंगे, शांति से लाएंगे, हिंसा का सहारा नहीं लेंगे, संविधान के प्रति हम जब भी राजनीतिक क्षेत्र में कहीं पर भी आते हैं, तो हम उसकी शपथ लेते हैं। तो सवाल यह है हिन्दुस्तान की जनता और हिन्दुस्तान के पौलिटिकल ग्रुप, हिन्दुस्तान के

सोशो-इकोनोमिक ग्रुप, उनकी प्रतिबद्धता है कि हम लोकतंत्र को कैसे मजबूत करें। 50 साल से ऊपर हो गया , दुनिया भर में भले ही लोग हमारी आलोचना करें कि इन्होंने इल्लिटरेसी नहीं मिटाई, इन्होंने गरीबी नहीं मिटाई, लोगो को इन्होंने रोजगार नहीं दिया, आज तक कितने ही गांव हैं जहां पर पीने का पानी नहीं है, आज तक भी करोड़ों लोग हैं जिनको सिर छिपाने के लिए छत नहीं है लेकिन इस बात की दुनियां तारीफ करती है कि बावजूद इसके कि इन्होंने लोकतंत्र के प्रति जो अपनी निष्ठा उसे बनाए रखा है। यहां लगातार परिवर्तन होते हैं, अलग-अलग पार्टियां सत्ता में आती हैं और वह आ करके सत्ता संभाल लेती हैं, सब उनके प्रति अपना आदर प्रकट करते हैं। अभी-अभी जो सत्ता परिवर्तन हुआ उस में भारत और पाकिस्तान में कितना कंट्रास्ट है वह एक ही दिन में प्रगट हुआ। एक दिन वहां जो चुनी हुई सरकार थी उसको हटा करके वहां पर सैनिक शासन आता है और उसके अगले दिन यहां पर लोकतंत्रीय ढंग से चुनी हुई नई सरकार अपना स्थान लेती है। इस कारण मैं मानता हूं कि नक्सलवादी के सवाल के साथ-साथ हमें बाकी सारे पहलूओं को भी देखना है। हमें विकास की तरफ ध्यान देना है। जो सहायता राज्य को चाहिए हमको वह राज्य को देनी है। सुरेश पचौरी जी ने मध्य प्रदेश के बारे में बहुत कुछ कहा। मैं इतना ही कह सकता हूं कि हमारे साधन सीमित हैं। यह थोड़ी है कि कोई कहेगा कि हमको पांच सौ करोड़ चाहिए और मिल जाएगा। कुल मिलाकर, डवलपमेंट स्कीम भी उसमें डालकर के, मध्य प्रदेश ने 500 करोड़ मांगा है। तो हमने कहा कि ये सारी जो डवलपमेंट की स्कीम है उनके बारे में हम कुछ नहीं कर सकते, यह आपप्लानिंग कमीशन से डिस्कस करिये और इस कारण उनका जो एक्शन प्लान, वह चाहे आंध्र हो चाहे मध्य प्रदेश, चाहे उड़ीसा की, - संजय निरूपम जी को जानकारी होनी चाहिए कि महाराष्ट्र ने नहीं भेजी है, महाराष्ट्र ने एक्शन प्लान नहीं भेजा है, जिसका निर्णय हमने हैदराबाद में किया था। जो हमारे पास आएगा सिक्योरिटी रिलेटेड एक्सपेंडीचर जो डायरेक्टली है या पुलिस को आधुनिकीकरण के लिए, हमने जो अपने वायदे किये हैं उनकी पूर्ति करने में हम देर नहीं करते। लेकिन उसके अलावा और जो बातें, प्लानिंग कमीशन ही उसका निर्णय करेगा और उसमें हमारी तरफ से कोई कसर नहीं होगी।

मैं समझता हूं कि कई बातें और हैं। जिनको मैं स्पेसिफिकली लेता हूं। अब आंध्र प्रदेश और बिहार प्रदेश हैं। इनमें उग्रवादी संगठन सक्रिय हैं और मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं कि कोई उसको लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म कहे या नक्सलिज्म कहे, यह दोनों शब्द धीरे-धीरे करके पर्यायवाची हो गये हैं। आखिर तो नक्सलिज्म कहने से भी तो कोई कह सकता है कि नक्सलवाड़ी में कहेगा कि किस के लिए मेरे नाम से यह काम जोड़ दिया है। नक्सलवादी वेस्ट बंगाल का एक हिस्सा है और चूंकि वहां पर इस प्रकार का दृष्टिकोण

या इस प्रकार का विचार आरम्भ हुआ। यह मार्क्सवादी जो भी बातें कहते हों और सोचते हों कि लोकतंत्र के मार्ग से हम निकाल लेंगे, लेकिन यह नहीं निकाल पाएंगे। ये जो असली मार्क्सवादी अपने को कहते हैं और ऐसी जो भी अपनी संख्याएं बनाते हैं, कितने ऐसे संगठन हैं जिनको नक्सलवादी कहा जा सकता है या लैफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म भी कहा जा सकता है। मुझे जो सूची भेजी गई है वह लगभग 35 संगठनों की है और 35 संगठनों में मैं देखता हूं कि अधिकांश में कम्युनिस्ट शब्द आता है। लेकिन कम्यूनिस्ट हैं, कहीं पर मार्क्ससिस्ट हैं, कम्यूनिस्ट रिवोल्यूशनरीज है, कहीं-कहीं पर नहीं आता है। लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी मार्कसिस्ट रेब्युल्यूशनरीज युनीटी सैन्टर है, युनिटी कमेटी आफ कम्युनिस्ट रेब्युल्यूशनरीज है और यही कारण है कि ये दोनों शब्द, नक्सलवादी और वामपंथी उग्रवाद एक से हो गए हैं। इसका अर्थ कोई सी. पी. आई. और सी. पी. एम. पर कमेंट करने का नहीं है। सी. पी. आई. और सी. पी. एम. के बारे में मुझे जो अपना मत व्यक्त करना था, वह मैं पहले ही कर चुका हूं। मैं समझता हूं कि रेस्पेक्टोबिलिटी नहीं देनी चाहिए, डेवलपमेंट के काम को और आगे बढ़ाना चाहिए। लेकिन जहां तक एक्चुअली नक्सलवादी अपराध के डील करने का सवाल है, अगर पूरे समय सदन में यह आभास मिलेगा कि सरकार कुछ नहीं कर रही है तो उससे काम इसलिए नहीं चलेगा कि सरकार इस बारे में करे कि प्राईमरी रेस्पॉन्सबिलिटी सैन्टर गवर्नमेंट की नहीं है। In so far as police is concrned, in so far as public order is concerned, under the Constitution, is with the State . लेकिन यह बात सही है कि पिछले पन्द्रह बीस सालों में लॉ एंड आर्डर की प्रोब्ल के साथ जुड़कर कुछ ऐसी चीजें आई हैं जैसे आई. एस. आई. का उग्रवाद,जैसे नक्सलवादी मूवमेंट, जिसके कारण केवल मात्र किसी छोटे क्षेत्र में या प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती नहीं है, लेकिन कुल मिलाकर आंतरिक सुरक्षा राष्ट्रीय स्तर पर उसके लिए संकट पैदा होते हैं। इसलिए मैंने कहा है कि It is not alocal phenomenon, it is a matter of national concern. और उस स्थिति में केन्द्र सरकार, चाहे वह आई एस आई द्वारा पैदा किया हुआ उग्रवाद हो चाहे नक्सलवाद हो, हमने उन प्रदेशों से कहा कि जो भी सहायता हम दे सकते हैं देंगे, प्रशिक्षण चाहे तो वह देंगे और सहायता चाहिए तो वह हम देंगे और इस दिशा में हम लगातार चलते रहे हैं। लेकिन मैं पंजाब के अनुभव के आधार पर सदन में कहना चाहता हूं।

SHRI VAYALAR RAVI (Kerala): Sir, I agree with the hon. Home Minister on that proposition. But it is an inter-state problem. It needs coordination and an initiative from the Centre.

SHRI L.K. ADVANI: I entirely agree with that. I do not dispute it.

Thereafter, after the Vajpayee Government came to power--I do not know whether such an effort had been made earlier-- but for the first time, the Chief Ministers of the Naxalite affected States, and all the DGPs of those areas, were brought together at Hyderabad, and subsequently also, as I have spelt out in my own statement, a coordination centre was set up, and during the last less than one year, four meetings have been held, and in those meetings, we took stock of the situation and the progress made, and I can say, even the statistics that I have with me, indicate that in Andhra Pradesh, where in 1996, there were 933 incidents of naxalite violence in which 186 citizens lost their lives, in 1999, it has come down to 427 in which 125 persons have died. Now, I do not proceed only on the basis of those statistics. But as I have said in my statement also, there is an earnest effort in certain States to control this, and some measure of success has been achieved, though there is no full success, and a lot more needs to be done. Coordination is necessary, and as has been rightly said...उनके पास तो सोफेस्टिकेटेड हथियार हैं और हमारा पुलिस कांस्टेबल जो है वह साधारण सी बंदूक लेकर काम करता है। इस दृष्टि से के लिए भी हम जितनी सहायता दे सकते हैं, हम देंगे और हम दे रहे हैं। लेकिन मध्यप्रदेश में जो घटना घटी है, इस प्रकार की घटना कभी -कभी हो जाती है जिसमे किसी एक को चुन कर मारा जाता है। इसके कारण आन्ध्र प्रदेश में अभी-अभी कुछ प्रमुख नक्सलवादी नेताओं को एक एनकाउन्टर में मार दिया गया था। जिनकी संख्या तीन या चार थी। उसके तुरन्त बाद यह दिखाने के लिए कहा कि हम अभी भी हैं उन्होंने मध्यप्रदेश चुन लिया है। मध्यप्रदेश में बालाघाट पर जाकर वहां के एक मंत्री की इस प्रकार नृशंस और निर्मम हत्या की। बहुत ही बुरी तरह से हत्या करके यह लिखा दिया कि यह हम इस कारण कर रहे हैं, हम हैं नक्सलवादी और हम जानबूझकर यह कर रहे हैं। ताकि आपको पता लगे कि हम बर्दाश्त नहीं करेंगे । लेकिन उसके कारण कुल मिलाकर जिस प्रकार का एफोर्ट हो रहा है उसे कम नहीं आंकना चाहिए । हम उस दिशा में सतत् कदम उठाते रहेंगे और जिस प्रकार की आज यहां चर्चा हुई, उससे लगता है कि सभी को इस बात का अहसास है कि लोकतंत्र के माध्यम से, शांति के रूप में जो भी परिवर्तन हमें करने हैं हम वे करेंगे । उसके आधार पर यदि कोई ऐसा वर्ग है, जो प्रचार करना चाहता है तो शांति और लोकतंत्र के मार्ग में कोई परिवर्तन नहीं होगा तो यह पूरा का पूरा सदन उनकी इस विचारधारा के खोखलेपन को दुनिया भर के सामने रखने को तैयार है, उद्धत है । हरेक ने यह बात कही, किसी ने दूसरी बात नहीं कही ।

श्री बलबन्त सिंह रामूवालिया : सर,आप पंजाब के बारे में कुछ बता रहे थे ।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : पंजाब के बारे में याद दिलाया । पंजाब के बारे में मैं कह रहा था कि पंजाब में सेना भेजी गई, पंजाब में पैरा मिलिट्री फोर्स भी बहुत सक्रिय रही, कई वर्षों तक रही, लेकिन अंतोगत्वा वहां पर उग्रवाद को हम पराजित कर सके और उस पर काबू पा सके तो उसका श्रेय वहां की जनता को, सरकार की सेना को और वहां की पुलिस को मैं विशेष रूप से देता हूं । पुलिस अगर सक्रिय होकर इस प्रकार की समस्याओं का मुकाबला न करे तो सेना और पेरा मिलिट्री फोर्स कुछ नहीं कर सकती अर्थात् अगर पुलिस और पब्लिक ऑर्डर, कांस्टीट्यूशन में जो स्टेट्स का विषय बनाया गया है वह अकारण नहीं बनाया गया है, यह सोच-विचार करके बनाया गया है कि आखिरी तो काम वहीं की पुलिस करेगी, वहीं की सरकार करेगी । केंद्र की सरकार की ओवरआल रिस्पोंसिबिलिटी है को-ऑर्डिनेशन की, ओवरआल रिस्पोंसिबिलिटी है असिस्टेंस देने की, ओवरआल रिस्पोंसिबिलिटी है शिक्षण देने की, ओवरआल रिस्पोंसिबिलिटी है कि स्टेट के जो अपने रिसोर्सज हैं, वे कम हों तो उनके रिसोर्सज को मजबूत करने के लिए केंद्र सहायता दे, ये सब केंद्र की रिस्पोंसिबिलीटीज हैं जिनको पूरा करने के लिए हममें जितना सामर्थ्य है उसे हम कर रहे हैं लेकिन सफलता मूलतः तभी मिलेगी जब वहां की सरकार सक्रिय होगी, वहां की जनता का मन साफ होगा कि उग्रवाद का रास्ता हमें स्वीकार नहीं है । अभी रामूवालिया जी ने कहा कि विदेश से लोग आते हैं और लौटकर जब जाते हैं, कनाडा, अमरीका में तो कहते हैं कि क्या हो गया है । यह जो पहले का देश था, जो पहले का गुस्सा था, वह नहीं रहा । इसका कारण हम स्वयं देखते हैं । मैं स्वयं जानता हूं कि जब 1987-88 में जब मैं पंजाब जाता था तो स्थिति को देखकर बहुत दुख होता था कि चारों ओर सुनसान ही सुनसान है । शाम के पांच-छः बजे के बाद कोई घर से नहीं निकलता । गांव में जाने की कोई हिम्मत नहीं करता और जो प्रमुख हिस्से हैं पंजाब की जनता के उनके बीच इतना अविश्वास था कि यदि कोई किसी दूसरे से बात करता था तो कहा जाता था कि यह क्या कर रहे हो, हमारे नेता होकर वहां जाकर बात करते हो । इनको तो उनसे बात नहीं करनी चाहिए । इतना गहरा अविश्वास था । उस अविश्वास को बिल्कुल समाप्त करके अब जो परिवर्तन पंजाब में आया है, इस समय, वह परिवर्तन जनता के कारण आया है, प्रदेश की सरकार के कारण आया है और प्रदेश की पुलिस के कारण आया है । इस तथ्य को समझकर ही जिन-जिन प्रदेशों में आज नक्सलवादी समस्या है उस नक्सलवादी समस्या का हम मुकाबला करें और मुझे विश्वास है कि जिस प्रकार से उग्रवाद को पंजाब में हमने समाप्त किया उसी प्रकार से बाकी क्षेत्रों में, चाहे उत्तर-पूर्वी प्रदेशों में हो, चाहे कश्मीर में हो या किसी और इलाके में हो वहां पर भी हम उनके साथ जूझ रहे हैं तथा उसी प्रकार से नक्सलवादी तत्वों पर विजय पाएंगे, सफलता पाएंगे और

उसकी जवाबदेही सबको करनी चाहिए । एक बार मैं पुनः सदन के सदस्यों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मूल समस्या की ओर सही प्रकाश डाला ।

FAREWELL TO THE RETIRING MEMBERS

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, two Members of this House from Delhi, namely, Shri K.R. Malkani and Shri O.P. Kohli, are retiring on the 27th January, 2000 on the completion of their term of office. I take this opportunity to bid them farewell. I am sorry, Mr. Malkani is not present here, though we had sent him the message. The retiring Members made valuable contribution to the proceedings of the House. I hope the Members who are leaving us will cherish the memory of their association with this august House. I wish them good health, happiness and success in every sphere of life. The House shall fondly remember their association.

श्री ओम प्रकाश कोहली (दिल्ली) : आदरणीय सभापति महोदय, इस गरिमापूर्ण सदन में सदस्य के रूप में बिताए छः वर्ष मेरे लिए बहुत ही उपयोगी और लाभप्रद रहे हैं । इन छः वर्षों में मैंने सदन के माननीय सदस्यों से बहुत कुछ सीखा है - उनके भाषणों और चर्चाओं की गहराई से भी और उनकी अपनी बात कहने की शैली से भी । संसद सदस्य न रहने पर भी यहां से जो कुछ सीखा है, वह राजनैतिक कार्यकर्त्ता के रूप में मुझे अपना कार्य करने में बहुत उपयोगी और सहायक सिद्ध होगा ।

सदन के आदरणीय सभापति जी और पीठासीन उपसभाध्यक्ष महोदयों के प्रति भी मैं आभारी हूं जिन्होंने मुझ जैसे प्रथम बार के सदस्य के प्रति बहुत ही अनुकूल रुख रखा और सदन की कार्यवाही में भाग लेने का अवसर प्रदान करने में उदारता दिखाई ।

सदन में कभी-कभार उत्तेजना और हंगामे की स्थिति पैदा होने पर हो सकता है मेरे व्यवहार से भी कुछ उत्तेजना आई हो । यदि इससे किसी भी सदस्य की भावना को चोट पहुंची हो तो क्षमा चाहूंगा ।

मुझे अपनी पार्टी के नेतृत्व माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय गृह मंत्री जी से तथा पार्टी के अन्य सदस्यों से जैसा स्नेह और आत्मीयता प्राप्त हुई है, वैसी ही आत्मीयता अन्य दलों के माननीय सदस्यों से भी प्राप्त हुई है । मैं विपक्ष के नेता श्री मनमोहन सिंह जी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा । जब भी कभी उनसे बात करने का मुझे अवसर मिला, मन को छूने वाला स्नेह उनकी बातों में भरा था । इसके लिए मैं उन के प्रति आभार